मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 18 सितम्बर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	18/09/15	19/09/15	20/09/15	21/09/15	22/09/15
वर्षा (मि.मी.)	0	5	6	8	10
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	41	40	38	38	37
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	28	28	27	26	25
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	2	6	6	7	8
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	55	68	78	88	98
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	22	28	30	32	34
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	16	14	15	12	13
हवा की दिशा	पूर्व–उत्तर–पूर्व	दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–पूर्व	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

अगले पांच दिनों में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए किसान भाई मूंग व मोठ की पकी फलियों की तुडाई करें और कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें।

कपास की फसल में रस चूसने वाले व अन्य कीटो के नियंत्रण के लिए एक लीटर मोनोकोटोफॉस 36 डब्लू.एस.सी. का प्रति हैक्टेयर की दर सें छिड़काव करें।

अरण्डी की फसल में सेमी लूपर व बिहार हेयरी केटरपिलर अधिक हानि पहुंचाते है। इनके नियंत्रण हेतु एक लीटर क्यूनालफॉस 25 ई.सी. पानी में घोल कर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

तारामीरा की उन्नत किस्म आर.टी.एम.–314 की बुवाई करें। बुवाई हेतु 5 किलो बीज प्रति हैक्टेयर प्रयोग में लें।

मौसम के साफ होने पर ही फसलो में पौध रसायनो का छिड़काव करें।

नमी युक्त मौसम होने के कारण पशुओं को हवादार स्थान पर रखें व आवश्यकता अनुसार पानी पिलाएं तथा हरा चारा खिलाएं।

(नौडल ऑफीसर)